Need to construct underpass / railway overbridge in Aonla Parliamentary Constituency-laid

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : मेरे निर्वाचन क्षेत्र 24 आँवला लोक सभा के अंतर्गत आने वाले कस्बा फरीदपुर से बुखारा मार्ग पर अत्यन्त व्यस्त रेलवे लाइन है । जहाँ हर समय भीषण जाम लगा रहता है, आम जनजीवन बहुत परेशान रहता है और आये दिन बीमार लोग इस जाम का शिकार होते हैं, जिसके कारण अनहोनी भी हो जाती है । अतः माननीय रेलमंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर अन्डर पास/ ओवर ब्रिज का निर्माण जनहित में कराया जाना अति आवश्यक है ।